www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## UGC NET Paper 2 June 30, 2013 Shift 1 Geography Question Paper

# PAPER-II
# GEOGRAPHY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**J 8 0 1 3**

Time : 1 $^{1}/_{4}$ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** | Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal / polythene bag on the booklet. Do not accept a booklet without sticker-seal / without polythene bag and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील / पोलिथीन बैग को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील / बिना पोलिथीन बैग की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D) जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## GEOGRAPHY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which one of the following is not a glacio-fluvial depositional landform ?
(A) Esker
(B) Drumlin
(C) Kame
(D) Horn

**2.** Which one of the following arrangements of glacial periods of Pleistocene Ice Age is in a correct chronological order ?
(A) Würm – Mindel – Gunz – Riss
(B) Riss – Mindel – Wurm – Gunz
(C) Mindel – Würm – Gunz – Riss
(D) Gunz – Mindel – Riss – Würm

**3.** The rigid masses surrounding the geosyncline were termed by Kober as
(A) Orogen
(B) Kratogen
(C) Primarumph
(D) Zwischengebirge

**4.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** On Hawai Islands volcanic eruption are effusive type.

**Reason (R) :** Less viscous lavas erupt quitly.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (R) is true, but (A) is false.

**5.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (River)** | **List – II (Types of Delta)** |
|---|---|
| a. Mississippi | i. Arcuate |
| b. Ganga | ii. Birdfoot |
| c. Narmada | iii. Abandoned |
| d. Old course of yellow | iv. Estuarine |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | iii |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**6.** Which of the following is not true about the Taiga Forests ?
(A) The forest cover is dominated by coniferous trees.
(B) The forest floors are quite clear.
(C) Tree growth is very fast.
(D) The diameters of trees mostly range between 2 cm and 60 cm.

**7.** Surface ocean currents derive their energy from
(A) Salinity
(B) Tectonics
(C) Wind
(D) Tsunamis

**8.** Especially high and low tides that occur near the times of new and full moons are called
(A) Spring tide
(B) Neap tide
(C) Super tide
(D) Fall tide

# भूगोल
## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा हिमजलीय निक्षेपण भूरूप नहीं है ?
(A) एस्कर (हिमनद मृद कटक)
(B) ड्रमलिन
(C) केम
(D) हार्न

**2.** अत्यन्त नूतन हिम युग के हिमनदीय कालों के निम्नलिखित व्यवस्थाओं में से किसका सही कालानुक्रमिक क्रम है ?
(A) वुर्म - मिन्डेल - गुंज - रिस
(B) रिस - मिन्डेल - वुर्म - गुंज
(C) मिन्डेल - वुर्म - गुंज - रिस
(D) गुंज - मिन्डेल - रिस - वुर्म

**3.** भू-अभिनति को चारों ओर से घेरने वाले दृढ़ भूखण्ड को कोबर द्वारा क्या नाम दिया गया है ?
(A) ओरोजेन
(B) क्रेटोजन
(C) प्राइमारम्फ
(D) अंत:पर्वतीय भूखंड (स्विशेनगिबर्ग)

**4.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन** (A) : हवाई द्वीपों पर ज्वालामुखी उद्‌गार निस्सरण (अपेक्षाकृत शान्त) प्रकार के हैं ।

**कारण** (R) : कम सान्द्र (श्यान) लावा का उद्‌गार शान्त होता है ।

**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (R) सत्य है, परन्तु (A) असत्य है ।

**5.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I (नदी)** | | **सूची – II (डेल्टा का प्रकार)** |
|---|---|---|---|
| a. | मिसीसिपी | i. | चापाकार डेल्टा |
| b. | गंगा | ii. | पक्षी पंजा डेल्टा |
| c. | नर्मदा | iii. | परित्यक्त |
| d. | पीली (नदी) का पुराना मार्ग | iv. | ज्वारनदमुखी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | iii |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**6.** टैगा वनों के बारे में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है ?
(A) वन आच्छादन पर शंकुवृक्ष वृक्षों की प्रमुखता है ।
(B) वन तल काफी साफ होते हैं ।
(C) वृक्षों की वृद्धि बहुत तेज होती है ।
(D) वृक्षों का व्यास बहुधा 2 से.मी. और 60 से.मी. के बीच रहता है ।

**7.** सतही महासागरीय धाराएँ अपनी ऊर्जा कहाँ से प्राप्त करती हैं ?
(A) लवणता से
(B) विवर्तन से
(C) पवन से
(D) सुनामी से

**8.** विशेष रूप से अमावस्या और पूर्णमासी के समय के आसपास होने वाले उच्च और निम्न ज्वार क्या कहलाते है ?
(A) बृहत ज्वार
(B) लघुतम ज्वार
(C) महा ज्वार
(D) अवपाती ज्वार

**9.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** In the Arctic ecosystem, if lichen production were either impaired or destroyed, the whole system would collapse because the herbivorous and carnivorous directly and indirectly depend upon lichens.

**Reason (R) :** The Arctic ecosystem has a very complex trophic structure.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (R) is true, but (A) is false.

**10.** Which one of the following is not true about the native animal life of the rainy tropics ?

(A) An immense number and variety of insects.
(B) Few arboreal fauna
(C) Few grazing and carnivorous animals.
(D) Abundant aquatic life.

**11.** Which atmospheric gas filters out most of the ultraviolet radiation in sunlight ?

(A) Argon
(B) Carbon dioxide
(C) Ozone
(D) Helium

**12.** Which one of the following best describes surfaces air circulation in a Northern Hemisphere anticyclone ?

(A) Divergent – Clockwise
(B) Convergent – Counter clockwise
(C) Stationary
(D) Inward – Clockwise

**13.** Which type of front has the steepest slope ?

(A) Warm front
(B) Cold front
(C) Stationary front
(D) Occluded front

**14.** Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Evaporation – The process of converting a liquid to a gas.
(B) Condensation – The change of state from a gas to a liquid.
(C) Element – A substance that cannot be decomposed into simpler substances by ordinary chemical or physical means.
(D) Conduction – Tiny bits of particulate matter that serve as surfaces on which water vapour condenses.

**15.** Which one of the following used 'Precipitation effectiveness' and 'Thermal efficiency' as the basis of world's climatic classification ?

(A) Trewartha
(B) Thornthwaite
(C) Koppen
(D) Kendrew

**16.** Which one of the following pairs is not correctly matched ?

(A) Strabo – Published 17 volumes work entitled as geography
(B) Ptolemy – Published a famous text called Almagest or Geographike Syntaxis
(C) Hipparchus – Designed orthographic and stereographic projections
(D) Hecataeus – Invented an instrument known as 'Astrolabe' for determination of latitudes and longitudes

**9.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन** (A) : उत्तर ध्रुवीय पारिस्थितिकीय व्यवस्था में, यदि लाइकेन (काई) उत्पादन या तो क्षीण हो जाते हैं या नष्ट हो जाते हैं, तो पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है क्योंकि तृणभक्षी और मांसभक्षी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाइकेन पर निर्भर करते हैं ।

**कारण** (R) : उत्तर ध्रुवीय पारिस्थितिकीय व्यवस्था की बहुत जटिल पोषण संरचना होती है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नही है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (R) सत्य है, परन्तु (A) असत्य है ।

**10.** वृष्टिमय उष्णकटिबन्धों के मूल पशु जीवन के बारे में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है ?

(A) विविध तथा प्रचुर मात्रा में कीट
(B) वृक्षीय जीव-जन्तुओं की अल्पता
(C) अल्प चराई वाले और मांसाहारी पशुओं की अल्पता
(D) प्रचुर जलचर जीवन

**11.** कौन सी वायुमंडलीय गैस सूर्य प्रकाश (धूप) में अधिकतम पराबैंगनी विकिरण फिल्टर करती (छानती) है ?

(A) आर्गन
(B) कार्बन डाइ ऑक्साइड
(C) ओज़ोन
(D) हीलियम

**12.** निम्नलिखित में से कौन उत्तरी गोलार्ध प्रति चक्रवात में धरातलीय वायु संचरण का अच्छा वर्णन करता है ?

(A) अपसारी - दक्षिणावर्त्त
(B) अभिसारी - प्रति दक्षिणावर्त्त
(C) स्थिर
(D) आन्तरिक - दक्षिणावर्त्त

**13.** किस प्रकार के वाताग्र की अतिप्रवण ढाल होती है ?

(A) उष्ण वाताग्र (B) शीतल वाताग्र
(C) स्थिर वाताग्र (D) संरोधित वाताग्र

**14.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) वाष्पीकरण : द्रव्य को गैस में बदलने की प्रक्रिया
(B) संघनन : गैस से द्रव्य में बदलने की अवस्था
(C) तत्त्व : ऐसा पदार्थ जो साधारण रासायनिक या भौतिक साधनों के द्वारा सरल पदार्थों में वियोजित नहीं किए जा सकते हैं ।
(D) चालन : विविक्त पदार्थ के छोटे टुकड़े जो सतह का कार्य करते हैं जिन पर जल कण संघनित होते हैं ।

**15.** निम्नलिखित में से किसने विश्व के जलवायु-वर्गीकरण के आधार के रूप में वर्षण प्रभाविता और तापीय क्षमता का उपयोग किया है ?

(A) ट्रिवार्था (B) थोर्न्थ्वेट
(C) कोपेन (D) केण्ड्रू

**16.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही मेलित नहीं है ?

(A) स्ट्राबो – ज्यॉग्राफी नामक 17 खंडो की कृति प्रकाशित की ।
(B) टॉलमी – अलमाजेस्ट या ज्यॉग्राफ़िक सिनटेक्सिस नामक प्रसिद्ध कृति प्रकाशित की ।
(C) हिपारचीज – लंबकोणीय तथा त्रिविम प्रक्षेप डिजाइन किये ।
(D) हिकेटियस – अक्षाशों और देशांशों का निर्धारण करने के लिये एस्ट्रोलेब नामक उपकरण का आविष्कार किया ।

**17.** Who among the following geographers laid down the foundation of dichotomy of General versus Special Geography ?
(A) Bernhard Varenius
(B) Immanuel Kant
(C) Peter Apian
(D) Sebastian Munster

**18.** The concept of Teleology was propounded by
(A) Alexander Von Humboldt
(B) Carl Ritter
(C) Oscar Peschel
(D) Vidal de la Blasche

**19.** Who among the following geographers specifically emphasized on climatic determinism ?
(A) Griffith Taylor
(B) Friedrich Ratzel
(C) Ellsworth Huntington
(D) Ellen Churchill Semple

**20.** The concept of 'Areal Differentiation' is also termed as
(A) Exceptionalism
(B) Chorological Study
(C) Systematic Geography
(D) Regionalism

**21.** Which one of the following is correct sequence of contributors in the development of Greek Geography ?
(A) Anaximander, Herodotus, Hipparchus, Eratosthenes
(B) Herodotus, Eratosthenes, Hipparchus, Anaximander
(C) Anaximander, Eratosthenes, Herodotus, Hipparchus
(D) Anaximander, Herodotus, Eratosthenes, Hipparchus

**22.** Match the following List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (Scholar)** | **List – II (Area of Specialization)** |
|---|---|
| a. Brian Berry | i. Regional Geography |
| b. Carl Sauer | ii. Radical Geography |
| c. Dorreen Massey | iii. Social Geography |
| d. O.H.K. Spate | iv. Urban Geography |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | ii | i | iii | iv |

**23.** Which one of the following pairs is not correctly matched ?

| | **Proponent** | | **Theory related with urban structure** |
|---|---|---|---|
| (A) | Homer Hoyt | – | Sector theory |
| (B) | Sinclair | – | Concentric theory |
| (C) | Christaller | – | Central place theory |
| (D) | Harris and Ullman | – | Multiple Nuclei theory |

**24.** Given below are two statement, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** In the core-periphery model, the core region dominates whilst the periphery is dependent.

**Reason (R) :** This dependence is structured mainly through relations of exchange and production between core and periphery.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**25.** In the acceleration stage of urbanisation, the urban population constitutes.
(A) more than 70% of the total population of the State.
(B) 25% to 70%
(C) 10% to 25%
(D) less than 10%

**26.** In developing countries, the population pressure increases in some parts due to immigration. Such parts are characterized by
(A) Low cost of living
(B) More suitable climate
(C) Large employment opportunities
(D) Accessibility

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** निम्नलिखित में से किस भूगोलवेत्ता ने सामान्य बनाम विशेष भूगोल के द्विभाजन की नींव रखी ?
(A) बर्नहार्ड वरेनियस (B) इम्मैन्यूल कांट
(C) पीटर एपियन (D) सीबेस्टीयन मुंस्टर

**18.** टीलियोलोजी (उद्देश्यवाद) की अवधारणा किसने प्रतिपादित की है ?
(A) अलेक्सैंडर वॉन हम्बोल्ट ने
(B) कार्ल रिट्टर ने
(C) ऑस्कर पैशल ने
(D) विडाल डि ला ब्लाश ने

**19.** निम्नलिखित भूगोलवेत्ताओं में से किसने जलवायु निश्चयतावाद पर विशेष रूप से बल दिया है ?
(A) ग्रिफिथ टेलर
(B) फ्रेडरिक रैटजल
(C) एल्सवर्थ हंटिंगटन
(D) एलेन चर्चिल सेंपल

**20.** 'क्षेत्रीय विभेदन' की अवधारणा को निम्नलिखित भी कहा जाता है ?
(A) अपवादवाद (B) क्षेत्रीय अध्ययन
(C) क्रमबद्ध भूगोल (D) प्रादेशिकतावाद

**21.** ग्रीक भूगोल के विकास में योगदानकर्त्ताओं का सही अनुक्रम कौन सा है ?
(A) अनेक्सीमैंडर, हिरोडोटस, हिप्परकस, इराटोस्थीनस
(B) हिरोडोटस, इराटोस्थीनस, हिप्परकस, अनेक्सीमैंडर
(C) अनेक्सीमैंडर, इराटोस्थीनस, हिराडोटस, हिप्परकस
(D) अनेक्सीमैंडर, हिरोडोटस, इराटोस्थीनस, हिप्परकस

**22.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची** - I (**विद्वान**) | | **सूची** - II (**विशेषज्ञता का क्षेत्र**) |
|---|---|---|---|
| a. | ब्रायन बैरी | i. | क्षेत्रीय भूगोल |
| b. | कार्ल सॉर | ii. | आमूल परिवर्तनवादी भूगोल |
| c. | डोर्रीन मासे | iii. | सामाजिक भूगोल |
| d. | ओ.एच.के. स्पेट | iv. | नगरीय भूगोल |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | i | ii | iv | iii |
| (C) | iii | iv | i | ii |
| (D) | ii | i | iii | iv |

**23.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

| | **प्रस्तावक** | | **नगरीय संरचना से सम्बन्धित सिद्धांत** |
|---|---|---|---|
| (A) | होमर हॉयट | – | क्षेत्र सिद्धांत |
| (B) | सिनक्लेयर | – | संकेन्द्री सिद्धांत |
| (C) | क्रिस्टॉलर | – | केन्द्र स्थल सिद्धांत |
| (D) | हैरिस एवं उल्लमैन | – | बहु केन्द्रक सिद्धांत |

**24.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये गए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन** (A) : क्रोड-उपान्त मॉडल में, क्रोड क्षेत्र का प्रभुत्व रहता है जबकि उपान्त निर्भर रहता है ।

**कारण** (R) : यह निर्भरता क्रोड और उपान्त के बीच मुख्यत: उत्पादन तथा विनिमय के सम्बन्धों के जरिये संरचित होती है ।

**कूट** :
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**25.** नगरीयकरण की त्वरण अवस्था में नगरीय जनसंख्या
(A) राज्य की कुल जनसंख्या का 70% से ज्यादा होती है ।
(B) 25% से 70% होती है ।
(C) 10% से 25% होती है ।
(D) 10% से कम होती है ।

**26.** विकासशील देशों में आप्रवास के कारण कुछ भागों में जनसंख्या का दबाव बढ़ जाता है । ऐसे भागों की विशेषता होती है
(A) निम्न निर्वाह व्यय
(B) अधिक अनुकूल जलवायु
(C) रोजगार के अधिक अवसर
(D) पहुँच

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** Followings are the names given to estate farming in different parts of the world. Match the correct pairs :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | Latifundia | i. | Europe |
| b. | Ranches | ii. | Anglo America |
| c. | Fazendas | iii. | Latin America |
| d. | Plantation | iv. | Asia |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**28.** The soils characterised by the dominant influence of climate are known as
(A) Zonal soils
(B) Intrazonal soils
(C) Interzonal soils
(D) Azonal soils

**29.** Which one of the following is the most important bases of Whittlesey's classification of agriculture of the world ?
(A) Functional forms of agriculture
(B) Distribution of climatic elements
(C) Forms of livestock grazing activities
(D) Regional distribution of the principal crops and animals of commercial significance

**30.** Who among the followings has used for the first time the ranking co-efficient method of agricultural productivity ?
(A) L.D. Stamp
(B) Mohammad Shafi
(C) M.G. Kendall
(D) G. Eneydi

**31.** Gibbs-Martin Index is used for the measurement of
(A) Crop specialisation
(B) Crop diversification
(C) Crop concentration
(D) Crop combination

**32.** The most dominant blood group among the Mongoloid races is
(A) A (B) B
(C) AB (D) O

**33.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :
**Assertion (A) :** 'Social indicator movement' was quickly developed in 1960s in the United States of America (U.S.A.).
**Reason (R) :** It grew in response to rise of a wide range of social problems in U.S. Society.
In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?
(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**34.** Which one of the following sub races does not belong to the Caucasoid race ?
(A) Eskimo (B) Celtic
(C) Nordic (D) East Baltic

**35.** 'Regions are good servants but bad masters' was stated by
(A) C.C. Carter
(B) A.J. Herbertson
(C) O.H.K. Spate
(D) Vidal de la Blasche

**36.** The regions developed along transportation lines or irrigation channels are called as
(A) Transport regions
(B) Axial regions
(C) River-valley regions
(D) Transitional regions

**37.** Which one of the following statements is not correct ?
(A) Regions are mental concepts formulated to arrange earth features in some abstract order.
(B) Regions could either be finite or infinite / boundless three-dimensional extending much beyond the limits of terrestrial sphere.
(C) The regional concept is a device to comprehend likenesses and differences on the earth surface.
(D) A region has some kind of internal homogeneity which distinguishes it from the neighbouring areas.

**27.** विश्व के विभिन्न भागों में एस्टेट कृषि को निम्नलिखित नाम दिए जाते हैं । सही जोड़ों को सुमेलित कीजिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | लैटिफंडिया | i. | यूरोप |
| b. | रैंचेज | ii. | एंग्लो अमरीका |
| c. | फजेंडास | iii. | लैटिन अमरीका |
| d. | प्लांटेंशन्स | iv. | एशिया |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | iv | ii |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**28.** जलवायु के प्रमुख प्रभाव के कारण विशेषीकृत मृदा को निम्नलिखित के रूप में जाना जाता है
(A) सुस्तरी मृदा
(B) अंतसुस्तरी मृदा
(C) अंत:सुस्तरी मृदा
(D) असुस्तरी मृदा

**29.** निम्नलिखित में से कौन सा विश्व की कृषि का विट्टलसे के वर्गीकरण के अति महत्त्वपूर्ण आधारों में से एक है ?
(A) कृषि का प्रकार्यात्मक रूप
(B) जलवायु घटकों का वितरण
(C) पशु चारण क्रियाकलापों के रूप
(D) प्रमुख फसलों और वाणिज्यिक महत्त्व के पशुओं का क्षेत्रीय वितरण

**30.** निम्नलिखित में से किसने सबसे पहले कृषि उत्पादकता के कोटि क्रमिक गुणांक विधि का उपयोग किया है ?
(A) एल.डी. स्टैंप (B) मोहम्मद शफी
(C) एम.जी. केंडाल (D) जी. एनयेदी

**31.** गिब्स-मार्टिन सूचकांक का उपयोग निम्नलिखित के मापन के लिए किया जाता है
(A) फसल विशेषीकरण
(B) फसल विविधिकरण
(C) फसल सकेंद्रण
(D) फसल संयोजन

**32.** मंगोलाय्ड प्रजातियों में अधिकांश प्रमुख रक्त समूह है
(A) ए (B) बी
(C) ए बी (D) ओ

**33.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) और दूसरा तर्क (R) है ।
**अभिकथन (A)** : 'समाज सूचक आंदोलन' संयुक्त राज्य अमरीका (यू.एस.ए.) में 1960 के दशक में तेज़ी से बढ़ा ।
**तर्क (R)** : अमरीकी समाज में विविध सामाजिक समस्याओं के पैदा होने से बढ़ा ।
उपर्युक्त दो कथनों के प्रसंग में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**34.** निम्नलिखित में से कौन सी उप-प्रजाति काकेसॉयड प्रजाति से संबंधित नहीं है ?
(A) एस्कीमो (B) सेल्टिक
(C) नोर्डिक (D) ईस्ट बाल्टिक

**35.** 'क्षेत्र अच्छे सेवक लेकिन बुरे स्वामी होते हैं' यह कथन किस विद्वान का है ?
(A) सी.सी. कार्टर
(B) ए.जे. हर्बर्टसन
(C) ओ.एच.के. स्पेट
(D) विडाल डि ला ब्लॉश

**36.** परिवहन लाइनों या सिंचाई वाहिकाओं के साथ-साथ विकसित क्षेत्रों को कहा जाता है
(A) परिवहन क्षेत्र (B) अक्षीय क्षेत्र
(C) नदी-घाटी क्षेत्र (D) संक्रमण क्षेत्र

**37.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(A) प्रदेश किसी सूक्ष्मक्रम में धरातलीय लक्षणों को सुव्यवस्थित करने हेतु प्रतिपादित की गयी मस्तिष्कजन्य संकल्पनाएँ हैं ।
(B) प्रदेश परिमित अथवा अपरिमित त्रिआयामी भूसीमाओं के पार विस्तरित होते हैं ।
(C) प्रादेशिक संकल्पना धरातल पर समानताओं तथा विषमताओं का बोध कराने का साधन है ।
(D) प्रदेश में किसी न किसी प्रकार की एकरूपता पायी जाती है, जो उसे आसपास के क्षेत्रों से भिन्नता प्रदान करती है ।

prepp
Your Personal Exams Guide

**38.** Which one of the following objectives of Regional Planning is most important ?
(A) Cultivating habitability and community building
(B) Conservation of forests
(C) Rationalisation of population distribution
(D) Perfect regional mobility system

**39.** Regionalism is the expression of
(A) Ignorance of other regions
(B) Parochialism
(C) Sectionalism
(D) Local individuality, local loyalties and cultural traits

**40.** Which one of the following sequences of the steel-plants from East to West is correct in India ?
(A) Jamshedpur, Rourkela, Durgapur, Bhilai
(B) Bhilai, Rourkela, Durgapur, Jamshedpur
(C) Durgapur, Jamshedpur, Rourkela, Bhilai
(D) Durgapur, Rourkela, Bhilai, Jamshedpur

**41.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| **List – I (Cities and Towns)** | **List – II (NH Roads)** |
|---|---|
| a. Madurai-Rameswaram | i. NH-1 |
| b. Varanasi-Kanyakumari | ii. NH-2 |
| c. Delhi-Kolkata | iii. NH-7 |
| d. New Delhi-Amritsar | iv. NH-49 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | iii | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**42.** Which one of the following States recorded the lowest population density in India at 2011 Census ?
(A) Sikkim
(B) Arunachal Pradesh
(C) Nagaland
(D) Mizoram

**43.** The 'Vale of Kashmir' lies between
(A) Pir Panjal and Karakoram range
(B) Pir Panjal and Zaskar range
(C) Zaskar and Ladakh range
(D) Shiwalik and Ladakh range

**44.** Which one of the following migration types contributes most to population movement in India ?
(A) Rural to Rural
(B) Urban to Rural
(C) Rural to Urban
(D) Urban to Urban

**45.** Which of the following tribes is known as true "jungle nomads" ?
(A) Pygmies (B) Semang
(C) Masai (D) Kirghiz

**46.** The oldest religion of the Middle East is
(A) Islam
(B) Judaism
(C) Christianity
(D) Zoroastrianism

**47.** Which one of the following methods is best suited to show the distribution of population with rural component and urban centre of varying sizes in a region ?
(A) Uniform dot method
(B) Multiple dot method
(C) Uniform dot and circle method
(D) Dot and sphere method

**48.** Match the following satellites with their altitudes and select the correct answer

| **Satellites** | **Altitudes (km)** |
|---|---|
| a. Land Sat V | i. 832 |
| b. IRS | ii. 705 |
| c. SPOT | iii. 904 |
| d. IKONOS | iv. 681 |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**49.** Nearest Neighbour analysis was evolved by
(A) Henry and Raize
(B) Clark and Evans
(C) Zipf
(D) Carl Pearson

**50.** Spatial resolution of LISS IV Sensor is
(A) 5.8 m (B) 2.0 m
(C) 23.5 m (D) 10.0 m

**38.** प्रादेशिक नियोजन के निम्नलिखित उद्देश्यों में से कौन अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है ?
(A) निवास्यता-संवर्धन और समुदाय निर्माण
(B) वन संरक्षण
(C) जनसंख्या वितरण का युक्तीकरण
(D) श्रेष्ठ क्षेत्रीय गतिशीलता प्रणाली

**39.** प्रदेशवाद अभिव्यक्ति है
(A) अन्य प्रदेशों के प्रति अनभिज्ञता का
(B) संकीर्ण प्रांतीयता का
(C) वर्गवादिता का
(D) स्थानीय व्यक्तिवादिता, स्थानीय निष्ठा और सांस्कृतिक विशेषताओं का

**40.** भारत के इस्पात संयंत्रों के पूर्व से पश्चिम के निम्नलिखित क्रमों में से कौन सा सही है ?
(A) जमशेदपुर, राउरकेला, दुर्गापुर, भिलाई
(B) भिलाई, राउरकेला, दुर्गापुर, जमशेदपुर
(C) दुर्गापुर, जमशेदपुर, राउरकेला, भिलाई
(D) दुर्गापुर, राउरकेला, भिलाई, जमशेदपुर

**41.** सूची - I से सूची - II को सुमेलित कीजिए और निम्नलिखित कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची – I (नगर और शहर)** | | **सूची – II (राष्ट्रीय राजमार्ग)** |
|---|---|---|---|
| a. | मदुरै-रामेश्वरम् | i. | रा.रा. – 1 |
| b. | वाराणसी - कन्याकुमारी | ii. | रा.रा. – 2 |
| c. | दिल्ली-कोलकाता | iii. | रा.रा. – 7 |
| d. | नई दिल्ली-अमृतसर | iv. | रा.रा. – 49 |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | iii | i |
| (B) | ii | i | iv | iii |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**42.** निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य में वर्ष 2011 में सबसे कम जनसंख्या घनत्व दर्ज किया गया ?
(A) सिक्किम (B) अरुणाचल प्रदेश
(C) नागालैंड (D) मिजोरम

**43.** 'कश्मीर घाटी' निम्नलिखित के बीच है
(A) पीर पंजाल और कराकोरम श्रेणियाँ
(B) पीर पंजाल और जास्कर श्रेणियाँ
(C) जास्कर और लद्दाख श्रेणियाँ
(D) शिवालिक और लद्दाख श्रेणियाँ

**44.** निम्नलिखित प्रवास प्रकारों में से कौन भारत में अधिकांश जनसंख्या स्थानांतरण में योगदान प्रदान करता है ?
(A) गाँव से गाँव (B) शहर से गाँव
(C) गाँव से शहर (D) शहर से शहर

**45.** निम्नलिखित में से कौन सी जनजाति को सही अर्थों में 'जंगली ख़ानाबदोशी' के रूप में जाना जाता है ?
(A) पिगमीज (B) सेमांग
(C) मसाई (D) किरगीज

**46.** मध्य पूर्व का प्राचीनतम धर्म है
(A) इस्लाम (B) यहूदी
(C) ईसाई (D) पारसी धर्म

**47.** निम्नलिखित में से कौन सी विधि किसी क्षेत्र के अलग-अलग आकार के ग्रामों और नगरों वाली जनसंख्या के वितरण को दर्शाने हेतु सर्वोत्तम विधि है ?
(A) एकसमान-बिंदु
(B) बहु-बिंदु
(C) एकसमान बिंदु और वृत्त
(D) बिंदु और गोला

**48.** निम्नलिखित उपग्रहों को उनकी ऊँचाइयों के साथ सुमेलित कीजिए और सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए :

| | **उपग्रह** | | **ऊँचाई (किलोमीटर)** |
|---|---|---|---|
| a. | लैंड सेट V | i. | 832 |
| b. | आई आर एस | ii. | 705 |
| c. | स्पाट | iii. | 904 |
| d. | इकोनोस | iv. | 681 |

**कूट** :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iv | i | ii | iii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**49.** निकटतम पड़ोसी विश्लेषण प्रस्तुत किया गया
(A) हेनरी और रेज़ द्वारा
(B) क्लार्क और इवान्स द्वारा
(C) ज़िफ द्वारा
(D) कार्ल पियरसन द्वारा

**50.** लिस IV सेंसर का स्थानिक पृथग्दर्शन है
(A) 5.8 मीटर (B) 2.0 मीटर
(C) 23.5 मीटर (D) 10.0 मीटर

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp
Your Personal Exam Guide